आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.03.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- अंडमान निकोबार द्वीप समूह सहित पूरे देश में कचरा प्रबंधन नियम में हुए बड़े परिवर्तन। नए ठोस अपशिष्ट कचरा प्रबंधन नियम 2026 के तहत बड़े उत्पादकों और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी तय की गई।
- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पुलिस प्रशिक्षण स्कूल में होम गार्ड नए बैच की परेड हुई। पुलिस महानिरीक्षक ने संगठन की कार्य क्षमता और समर्पण की प्रशंसा की।
- शारीरिक स्वास्थ्य नेतृत्व, विकास और प्राथमिक चिकित्सा सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों के समापन पर स्किल इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र की ओर से छात्रों को प्रमाणपत्र दिए गए।
- समाज कल्याण और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से दिव्यांगजन के लिए विशिष्ट पहचान प्रमाणपत्र जागरूकता अभियान 2 अप्रैल से आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

देशभर के साथ–साथ द्वीप समूह में भी पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 1 अप्रैल से लागू होंगे। ये नए नियम 2016 के नियमों का स्थान लेंगे और कचरा प्रबंधन को अधिक वैज्ञानिक, जवाबदेह और प्रभावी बनाने पर केंद्रित हैं। नए नियमों के तहत अब घरों, संस्थानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कचरे को चार श्रेणियों—गीला, सूखा, स्वच्छता संबंधी तथा विशेष देखभाल अपशिष्ट–में अलग–अलग करना अनिवार्य होगा। गीले कचरे का निपटान खाद या जैव–ऊर्जा के रूप में, जबकि सूखे कचरे को पुनर्चक्रण के लिए सामग्री पुनर्प्राप्ति केंद्रों तक भेजा जाएगा। नियमों में बड़े कचरा उत्पादकों की जिम्मेदारी तय की गई है, जिनके लिए स्रोत पर ही कचरे के निपटान पर विशेष जोर दिया गया है। अनुपालन न करने पर 'प्रदूषक भुगतान सिद्धांत' के तहत पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति का प्रावधान भी किया गया है। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे नियमों का पालन करते हुए स्वच्छ और पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था में सहयोग करें।

<><><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने कल नई दिल्ली में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सचिव डॉ. विनीत जोशी से मुलाकात की। इस बैठक का उद्देश्य द्वीप समूह में 'डीम्ड विश्वविद्यालय' के बजाय एक केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के महत्वपूर्ण मामले पर अनुवर्ती कार्रवाई करना था। सांसद ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के मुद्दे पर एक पत्र के साथ संसद में दिए गए अपने भाषण की प्रति भी सचिव को दी। इसके अलावा सांसद ने द्वीप समूह के सभी डिग्री कॉलेजों में प्रोफेसरों और एसोसिएट प्रोफेसरों के रिक्त पदों को नियमित आधार पर तुरंत भरने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने सचिव से मौजूदा कॉलेजों में शिक्षा के निर्धारित मानकों के अनुसार आवश्यक बुनियादी ढांचे और अन्य अनिवार्य सुविधाओं के निर्माण की मांग की। शिक्षा सचिव ने बताया कि मामलों की जांच की जा रही है और ये सरकार के समक्ष विचाराधीन हैं।

<><><><><><><>

उधर, सांसद ने केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री, सर्बानंद सोनोवाल से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने जहाजरानी सेवा निदेशालय के तहत कार्यरत नाविकों के वेतन संशोधन के लंबे समय से लंबित मामले पर चर्चा की। सांसद ने कहा कि नाविकों के वेतन में हर दो साल में एक बार संशोधन किया जाना अनिवार्य है और इसलिए प्रस्ताव को आवश्यक स्वीकृति के लिए मंत्रालय को भेजा गया है। सांसद ने इस पर शीघ्र कार्रवाई का अनुरोध किया, ताकि नाविकों को उनका संशोधित वेतन और बकाया राशि समय पर मिल सके। केन्द्रीय मंत्री ने सांसद को इस मुद्दे की जांच कर  इसे जल्द से जल्द निपटाने का आश्वासन दिया।

<><><><><><><>

द्वीप समूह के होम गार्ड संगठन ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण स्कूल, श्री विजया पुरम में 37 नवनियुक्त होम गार्ड स्वयंसेवकों की सत्यापन परेड का सफल आयोजन किया। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक गीता रानी वर्मा, ने भाग लिया और स्वयंसेवकों को उनकी प्रशिक्षण सफलता और संगठन में शामिल होने पर बधाई दी। इस बैच में 26 पुरुष और 11 महिला स्वयंसेवक शामिल हैं। इस पहल के तहत संगठन पूरे द्वीप समूह में कानून–व्यवस्था, आपदा प्रबंधन और सामुदायिक सहायता में योगदान देने के लिए तैयार है।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के स्किल इंडिया प्रशिक्षण केंद्र की ओर से कल प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के विभिन्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों का पहला बैच पूरा करने वाले एक सौ उनतालीस छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इन पाठ्यक्रमों में शारीरिक फिटनेस, योग, नेतृत्व विकास, डिजिटल साक्षरता, आत्मरक्षा तथा प्राथमिक चिकित्सा जैसे विषय शामिल थे। कार्यक्रम में जेएनआरएम की प्राचार्या डॉ पर्ल देवदास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं और उन्होंने छात्रों के समर्पण और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए कौशल आधारित शिक्षा और रोजगार क्षमता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. हेमा बनर्जी, डॉ. सत्येंद्र पाल सिंह, डॉ. सी. पार्थिबन, निधि शेखावत और स्किल इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र के संकाय सदस्य और समन्वयक भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कॉलेज गेम्स–2026 का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में द्वीप समूह के छात्रों, शिक्षकों और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. सुनील जेकब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ए एन सी ए के अध्यक्ष मोहम्मद जेडवेड, एम जी आई एस के अध्यक्ष नलीन गुलेचा तथा जेएनआरएम की प्राचार्या डॉ. पर्ल देवदास शामिल थे। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके व्यक्तित्व के समग्र विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया।

<><><><><><><>

समाज कल्याण निदेशालय द्वारा स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, समग्र क्षेत्रीय केंद्र तथा बाल विकास परियोजना कार्यालय के सहयोग से दक्षिण अंडमान में दिव्यांगजनों के लिए विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र” योजना के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों और उनके परिजनों को यू डी आई डी कार्ड के महत्व, इसके लाभ तथा पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी। ये जागरूकता कार्यक्रम 2 अप्रैल से 20 मई तक विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में आयोजित होंगे, जिनमें जी.बी. पंत अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गाराचरमा, मंगलुटान, छोलदारी, टुशनाबाद, फरारगंज, बम्बूफ्लाट तथा आयुष अस्पताल, जंगलीघाट शामिल हैं। आम जनता, दिव्यांगजन एवं उनके अभिभावकों से अनुरोध किया गया है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर इन कार्यक्रमों में भाग लें और इस अवसर का लाभ उठाएँ।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के उप शिक्षा कार्यालय की टीम द्वारा कल प्राथमिक स्कूल गोपाल नगर–II का दौरा किया गया। टीम का नेतृत्व उप शिक्षा अधिकारी सुलोचना ने किया। इस दौरान उप शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों और छात्रों से बातचीत की। टीम ने मध्याह्न भोजन योजना का निरीक्षण कर छात्रों के लिए स्वच्छता और पोषण मानकों को बनाए रखने पर विशेष ध्यान दिया। उप शिक्षा अधिकारी ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत कर स्कूल के संचालन एवं विकास से संबंधित मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि उठाए गए मुद्दों के समाधान के लिए उचित कदम उठाए जाएंगे।

<><><><><><><>

हटबे थाना पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए पिछले साल दिसंबर से संबंधित मामले में झारखंड से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। विश्वसनीय सूचना और लगातार जांच के आधार पर हटबे थाना की एक विशेष टीम, जिसमें उपनिरीक्षक देबरत तथा पुलिस कांस्टेबल के. मोहन और मोहम्मद अयूब शामिल थे। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आरोपी का पता लगाया और उसे सफलतापूर्वक हिरासत में लिया। आरोपी पर आरोप है कि उसने धोखाधड़ी कर शिकायतकर्ता को आर्थिक नुकसान पहुंचाया। सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद आरोपी को श्री विजय पुरम लाया गया, जहां उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी अपराध या अवैध गतिविधि की सूचना तुरंत साझा करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों के चलते 27 मार्च को एम वी नालंदा की बैरन द्वीप की यात्रा रद्द कर दी गई है।

<><><><><><><>